# शेयर मार्किट क्या है हिंदी में जाने

newtaxroute.com/hi/share-market-kya-hai-in-hindi-mein-bataye.html

जुलाई 14, 2021




शेयर मार्किट एक सामान्य मार्किट की तरह है, जहाँ पर एक बाजार होता है और जिसमे खरीदने व बेचने वाले दोनों तरह के लोग होते है। यहाँ पर कम्पनियों के शेयर ख़रीदे व बेचें जाते है। अगर हम शेयर मार्किट को एक लाइन में समझें तो यह एक ऐसा बाजार है, जहाँ पर कम्पनियों के शेयर ख़रीदे व बेचें जाते है। शेयर खरीदने के बाद आपकी उस कंपनी में हिस्सेदारी हो जाती है। **इस पोस्ट में हम शेयर मार्किट से सम्बंधित लगभग सभी जानकारी हिंदी में जानेंगे – Share Market Kya Hai in Hindi**

## शेयर मार्किट क्या है – Share Market Kya Hai

शेयर बाज़ार किसी भी विकसित देश की अर्थ्व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते है। जिस तरह से किसी देश, गाँव या शहर के विकास के लिये सडके, रेल यातायात, बिजली, पानी सबसे ज़रूरी होते है, वैसे ही देश के उद्योगों के विकास के लिये शेयर बाज़ार ज़रूरी है। उद्योग धंधो को चलाने के लिये कैपिटल चहिये होता है। ये उन्हे शेयर बाज़ार से मिलता है। शेयर बाज़ार के माध्यम से हर आम आदमी बड़े से बड़े उद्योग मे अपनी भागिदारी प्रदान कर सकता है। इस तरह की भागीदारी से वो बड़े उद्योगों मे होने वाले मुनाफे मे बराबर का हिस्सेदार बन सकता है।

**Share Market Kya Hai-** शेयर मार्किट एक ऐसा बाजार है जहाँ पर बहुत सी कम्पनियों के शेयर ख़रीदे व बेचे जाते है, शेयर मार्किट एक ऐसी जगह है जहाँ पर पैसा लगाकर बहुत से लोग करोड़पति बन जाते है और बहुत से लोग अपनी सारी पूँजी गवा देते है। लेकिन अगर आप शेयर मार्किट में लम्बे समय के लिए, सही कम्पनियों और सही समय पर अपना निवेश करते है तो आप भी यहाँ पर आप अच्छा खासा कमा सकते है।

## भारत में कितने शेयर बाजार है – Share Bazar Kitne Prakar Ke Hote Hai

शेयर का मतलब होता है हिस्सा और बाजार उस जगह को कहा जाता है जहाँ पर आप कोई और सामान खरीद व बेच सकते है। अगर हम शाब्दिक अर्थ में कहें तो शेयर बाजार किसी सूचीबद्ध कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने व बेचने की जगह है। शेयर बाजार को हम अंग्रेजी भाषा में **स्टॉक मार्किट (Stock Market)** भी कहते है। किसी भी तरह के शेयर बाजार में घरेलु व विदेशी सभी तरह के लोग एक बड़ी रिटर्न की उम्मीद के साथ निवेश करते है।

भारत में कुल दो शेयर बाजार है, जिसमे **बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई सेंसेक्स – BSE Sensex)** और **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई निफ़्टी – Nifty)** जहाँ पर हम शेयर खरीद व बेच सकते है। दोनों ही शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी के शेयर एक ब्रोकर के माध्यम से खरीदें जाते है। यहाँ पर शेयर के अलावा बॉन्ड, म्यूच्यूअल फंड्स और डेरिवेटिव्स का भी व्यापार होता है।

इसका वर्गीकरण कंपनी के आकार, उद्योग, बाजार पूंजीकरण या अन्य श्रेणियों के आधार पर हो सकता है। बीएसई सेंसेक्स में 30 स्टॉक शामिल हैं और एनएसई में 50 स्टॉक शामिल हैं। अन्य में बैंक्सेक्स जैसे सेक्टर इंडेक्स, बीएसई मिडकैप या बीएसई स्मॉल कैप आदि शामिल हैं।

**Share Market Ke Parakar-** अगर हम शेयर बाजार के प्रकार की बात करें तो यह दो प्रकार का होता है, जिसमे प्राइमरी मार्किट और सेकंड्री मार्किट होता है।

**Share Market Mein Primary Market Kya Hota Hai –** प्राइमरी मार्किट में कम्पनियाँ पहली बार लिस्टेड होती है और अपने शेयर जारी करती है। इसमें कम्पनियाँ आईपीओ के जरिये अपने शेयर पहली बार शेयर बाजार में लाती है और इसके तहत वो बाजार से पूँजी जुटाने का प्रयास करती है।

**Share Market Mein Secondary Market Kya Hota Hai –** सेकंड्री मार्किट को हम एक्सचेंज ट्रेड भी कहते है, यह एक तरह का रेगुलर मार्किट होता है, जहाँ पर शेयर ख़रीदे व बेचे जाते है। यहाँ निवेशक अपने स्टॉक ब्रोकर के माध्यम से अपने ट्रेडिंग ऑर्डर्स को पूरा करते है।

**जाने PAN CARD पे लिखे 10 अंको का मतलब- जिसमे छुपी होती है कुछ जरुरी बातें**

**ऑनलाइन पैन कार्ड बनाने का तरीका**

## विश्व के प्रमुख शेयर बाजार कौन कौन से है – Share Bazar Ke Name in Hindi

सभी बड़े बड़े देशो के अपने अपने शेयर बाजार है, जिसमे हर ट्रेडिंग डे वाले दिन करोङो रूपये का कारोबार होता है, इसमें से कुछ प्रमुख शेयर बाजार के नाम कुछ इस प्रकार हैं –

- न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज
- बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज
- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज
- टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज
- लंदन स्टॉक एक्सचेंज
- शंघाई स्टॉक एक्सचेंज
- हांगकांग स्टॉक एक्सचेंज

## स्टॉक इंडेक्स क्या है – Stock Index Kya Hai

शेयर बाजार में कंपनियों को उनकी कैपिटल, उनके आकार, उद्योग आदि के आधार पर बाँटा जाता है। इनमे से कुछ समान शेयर की कम्पनियों को एक साथ समूहीकृत किया जाता है और अलग अलग इंडेक्स बनाये जाते है, जिन्हे हम स्टॉक इंडेक्स कहते है। जैसे बीएससी इंडेक्स में 30 कम्पनियों के स्टॉक्स शामिल है और एनएसई में कुल 50 कम्पनियों के स्टॉक्स शामिल है। इसी तरह अन्य स्टॉक इंडेक्स भी होते है, जिसमें बैंकिंग जैसे सेक्टर के इंडेक्स, बीएसई मिडकैप इंडेक्स या बीएसई स्माल कैप शामिल है।

अभी खोलें अपस्टॉक्स में अपना डीमैट अकाउंट और ट्रेडिंग अकाउंट

## शेयर खरीदने का मतलब क्या होता है – Share Kharidne Ka Matlab Kya Hota Hai

अगर कोई कंपनी शेयर मार्किट में लिस्टेड है और आप अपने **शेयर ब्रोकर (Share Broker)** की मदद से उस कंपनी के शेयर खरीद लेते है तो आप उस कंपनी के शेयर धारक बन जाते है या हम ये भी कह सकते है की शेयर की वैल्यू जितना आपके पास उस कंपनी का मालिकाना हक है और जब आप ये शेयर बेच देंगे तो आपका यह मालिकाना हक खत्म हो जायेगा।

एक प्रकार से देखें तो यहाँ पर कंपनियों के शेयर्स की नीलामी होती है, अगर इसमें किसी को शेयर बेचना हो तो सबसे ऊँची बोली लगाने वाले को शेयर बेच दिया जाता है, इसके अलावा अगर कोई शेयर खरीदना चाहता है तो जो बेचने वाले में सबसे कम कीमत पर तैयार होता है उससे शेयर खरीद लिया जाता है।

## शेयर कैसे ख़रीदे जाते है – Share Kaise Kharide Jate Hai

आप किसी भी स्टॉक मार्किट में लिस्टेड कंपनी के शेयर (Listed Company Share) डायरेक्ट नहीं खरीद सकते, इसके लिए आपको एक **शेयर ब्रोकर कंपनी (Share Broker Company)** की मदद लेनी होंगी, जो आपके और स्टॉक मार्किट के बीच में एक एजेंट का काम करेगी और इस काम के लिए कुछ कमीशन चार्ज करेगी, जिसे हम ब्रोकरेज कहते है।

**Share Broker Ke Charges Kya Hai-** शेयर ब्रोकर की लिस्ट में इस समय **अपस्टोक्स (Upstox)** सब फेमस ब्रोकर है, जो आपसे सबसे कम कमीशन चार्ज करता है और आपसे कोई अन्य फालतू के चार्जेज भी नहीं लेता है। **अपस्टोक्स** आपसे इक्विटी में शेयर के खरीदने पर कोई भी चार्ज नहीं लेता है और इक्विटी में बेचने पर केवल 18 रूपये तथा इंट्राडे में खरीदने व बेचने पर .05% या फिर 20 रूपये जो दोनों में से कम होता है, वही चार्जेज लेता है।

शेयर आप किस मूल्य पर खरीदेंगे यह उस समय पर चल रहे भाव पर निर्भर करता है, जिस समय आप शेयर खरीदते है। किसी भी कंपनी का भाव उस कंपनी की स्थिति के अनुसार घटता व बढ़ता रहता है।

**E-RUPI क्या है और E-RUPI कैसे काम करता है?**

## शेयर ऑफलाइन और ऑनलाइन कैसे खरीदें जा सकते है ?

शेयर मार्किट में आप शेयर ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से खरीद सकते है, दोनों तरीकों में आपको ब्रोकर की मदद लेनी होगी।

**Share Online Kaise Kharide-** शेयर को ऑनलाइन खरीदने का मतलब है की आओ घर से, ऑफिस से या फिर कही से भी इंटरनेट के माध्यम से शेयर खरीद व बेच सकते है। अगर आप शेयर मार्किट से शेयर ऑनलाइन खरीदना चाहते है तो इसके लिए आप एक डीमैट और ट्रेडिंग अकाउंट जरूर होना चाहिए। इसके बाद आप अपने ट्रेडिंग अकाउंट से शेयर अपने डीमैट अकाउंट में खरीद सकते है।

**Share Offline Kaise Kharide-** ऑफलाइन शेयर खरीदने के लिए आपको अपने ब्रोकर के ऑफिस जाना होगा, या फिर ब्रोकर को फ़ोन करके अपने ट्रेड की जानकारी देनी होगी, जिसके बाद आप शेयर मार्किट में शेयर खरीद पायेंगे।

अपना डीमैट और ट्रेडिंग अकाउंट खोलें

## कंपनी शेयर बाजार में कैसे लिस्ट होती है – Company Share Market NSE/BSE Mein Kaise List Hoti Hai

पुरे शेयर बाजार का नियत्रंण **सेबी (SEBI)** के हाथ में ही होता है, सेबी की अनुमति के बाद ही कोई कंपनी लिस्टेड होकर शेयर बाजार में अपने शेयर ला सकती है। शेयर बाजार में शेयर आने से पहले कंपनी सेबी और कंपनी रजिस्ट्रार की अनुमति के बाद अपना एक आईपीओ लाती है और उसके बाद ही कंपनी के शेयर स्टॉक मार्किट में लिस्ट होते है।

शेयर बाजार (Stock Market) में लिस्ट होने के लिए कंपनी को शेयर बाजार से लिखित समझौता करना पड़ता है. इसके बाद कंपनी पूंजी बाजार नियामक SEBI के पास अपने सभी जरूरी दस्तावेज जमा करती है. SEBI की जांच में सूचना सही होने और सभी शर्त के पूरा करते ही कंपनी BSE/NSE में लिस्ट हो जाती है. सभी कंपनियों की गतिविधियों की जानकारी सेबी, एनएससी और बीएससी की वेबसाइट पर उपलब्ध होती है।

## शेयर के भाव में उतार चढ़ाव क्यों और कैसे आता है ?

किसी भी कंपनी के शेयर के रेट में आये दिन उतर चढ़ाव आते रहते है, जिसकी वजह उस कंपनी में चल रही गतिविधियाँ होती है, जिसमे कंपनी के कामकाज, उसके नए आर्डर मिलने या छिन जाने, नतीजे आने, मुनाफा बढ़ने या घटने जैसे जानकारियों के मुताबिक उस कम्पनी का मूल्यांकन होता है। इसी आधार पर कंपनी के शेयर में तेजी और मंदी देखी जा सकती है।

सभी बड़ी बड़ी कंपनियों में रोज कारोबार होता है, जिसके बाद उसके कुछ अच्छे या फिर बुरे परिणाम भी होते है, जैसे हो शेयर बाजार को उस कंपनी की गतिविधि का पता चलता है, उसके बाद जो शेयर में उतार चढ़ाव आता है। अब अगर खबर अच्छी होती है तो शेयर का रेट बाद जाता है, नहीं तो घट जाता है।

## स्टॉक मार्किट और शेयर मार्किट में क्या अंतर होता है – Share Market and Stock Market Difference in Hindi

**Share Market and Stock Market Mein Antar in Hindi-** बहुत से निवेशकों के दिमाग में ये सवाल आता है की क्या शेयर मार्किट **(Share Market Kya Hai)** और स्टॉक मार्किट **(Stock Market Kya Hai)** दोनों अलग अलग है या एक ही है। इसका जवाब हम आपको दे देते है की ये दोनों एक ही है और इन दोनों बातो में कोई भी फर्क नहीं है। इन दोनो शब्दों का प्रयोग एक ही बात को दर्शाने के लिए किया जाता है।

बस इन दोनों में फर्क इतना है की शेयर शब्द का प्रयोग किसी एक कंपनी के शेयर को दर्शाने के लिए किया जाता है और और स्टॉक शब्द का प्रयोग मल्टीप्ल कंपनियों के शेयर को दर्शाने के लिए किया जाता है।

## शेयर मार्किट कितने बजे से खुलता है – शेयर मार्किट के खुलने का समय

**Share Market Mein Khulne Ka Time-** शेयर मार्किट ट्रेडिंग डे वाले दिन सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर खुलता है। लेकिन इससे अलग कुछ समयसीमाएँ ऐसी है जिनके बारें में आपको पता होना चाहिए। सुबह 9:15 से पहले प्री ओपनिंग का समय होता है, जिसके लिए शेयर मार्किट 9 बजे ही खुल जाता है। प्री ओपनिंग समय सुबह 9 बजे से 9 बजकर 15 मिनट तक रहता है। इसमें कुछ खास तरह के ट्रेड भी कर सकते है।

## शेयर मार्किट कितने बजे तक खुलता है – शेयर मार्किट बंद होने का समय

**Share Market Close Hone Ka Time-** शेयर मार्किट ट्रेडिंग डे वाले दिन सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर खुलकर दोपहर को 3 बजकर 30 मिनट पर बंद होता है, इसके अलावा 3 बजकर 30 मिनट के बाद 3 बजकर 40 मिनट तक क्लोजिंग समय के साथ साथ 3:40 से 4:00 बजे तक एक कंसोलिडेशन समय भी होता है।

## शेयर मार्किट से जुडी कुछ अन्य जानकारी – Share Market in Hindi

**Share or Stocks Kya Hota Hai –** जब भी कोई कंपनी शेयर मार्किट में आती है तो वह खुद की पूँजी को छोटे छोटे भागों में बाट लेती है, जिसे हम शेयर या स्टॉक्स बोलते है। किसी कंपनी में कितने शेयर होंगे, यह उनकी कैपिटल पर निर्भर करता है।

**IPO Kya Hota Hai –** सबसे पहले कंपनी शेयर मार्किट में आने के लिए सेबी से अप्रूवल लेती है, जिसमे उसे अपना पैसा इखट्टा करने और शेयर मार्किट में आने के लिए आईपीओ लाना पड़ता है। इसकी फुल फॉर्म इनिशियल पब्लिक ऑफर होती है। आईपीओ में निवेशकों से पैसा इखट्टा किया जाता है, जिसके बाद कम्पनी अपना व्यापर आगे बढ़ाती है।

**Demat Account Kya Hota Hai-** आज के समय में शेयर को ऑनलाइन रखने के लिए हमे डीमैट अकाउंट की आवश्यकता होती है, जिसमे शेयर खरीदने के बाद शेयर को डिजिटल रूप में रखा जाता है। अब शेयर लेने के बाद किसी भी पेपर की आवश्यकता नहीं होती आपके सभी शेयर अब ऑनलाइन होते है।

**Trading Account Kya Hota Hai-** ट्रेडिंग अकाउंट का प्रयोग शेयर मार्किट में शेयर खरीदने व बेचने के लिए किया जाता है। यह भी डीमैट अकाउंट की तरह ऑनलाइन होता है, जिससे आप शेयर खरीदते व बेचते है।

**Sensex and Nifty Kya Hota Hai-** सेंसेक्स और निफ़्टी एक शेयर इंडेक्स है, जिससे हमे शेयर मार्किट की चाल का पता चलता है। सेंसेक्स में कुल 30 कम्पनियाँ और निफ़्टी में कुल 50 कम्पनियाँ होती है। अगर सेंसेक्स बढ़ रहा है तो ये माना जाता है की कम्पनियाँ अच्छा परफॉर्म कर रही है और अगर यह नेगेटिव होता है तो शेयर मार्किट की कम्पनियों का आज अच्छा दिन नहीं है।

## शेयर मार्किट की किताबें डाउनलोड – Share Market Books Download in Hindi

Share Market Books in Hindi Download

| Books | Buy/Download |
|---|---|
| SHARE MARKET GUIDE (PB) in Hindi | https://amzn.to/3wDN8TI |
| Stock Market Mein Safal Hone ke 41 Tips (hindi) Paperback | https://amzn.to/3wFnc9W |
| Warren Buffett (hindi) Paperback | https://amzn.to/3hAO3jg |

## शेयर मार्किट के टिप्स इन हिंदी – Share Market Ke Investment Tips in Hindi

**Share Market Tips in Hindi-** शेयर मार्किट के लिए आपने मिली जुली बाते सुनी होंगी, जिसमे आपका पता होगा की यहाँ पर घाटा भी हो सकता है और अधिक से अधिक प्रॉफिट भी। प्रॉफिट और लोस्स दोनों में कुछ भी पक्का नहीं होता, यह सब शेयर मार्किट की चल पर निर्भर करता है, लेकिन फिर भी अगर आप शेयर मार्किट में निवेश करना चाहते है तो आप नीचे दिए गए कुछ टिप्स को फॉलो कर सकते है –

> किसी भी कंपनी में इन्वेस्ट करने से पहले आप उस कंपनी के बारे में जानकारी ले ले की यह कंपनी क्या काम करती है, आज से पहले इसका शेयर कैसा रिटर्न दे चूका है और आगे इस कंपनी से क्या उम्मीद है।
>
> आपने सही सुना होगा की शेयर मार्किट से क्रोरेपति भी बना जा सकता है लेकिन हम आपको बता दे की शेयर मार्किट कोई पैसा बनाने की मशीन नहीं है और इसमें बहुत से ऐसे लोग भी है, जो अपनी सारी पूँजी भी गवा बैठे है।

स्टॉक मार्किट को समझने के लिए आपको उसके बेसिक से समझना होगा और इसमें कभी भी जल्दबाज़ी में डिसिजन नहीं ले।

शेयर मार्किट में आप कितना भी पैसा लगा सकते है, इसकी कोई लिमिट नहीं है, लेकिन किसी भी कंपनी के शेयर खरीदने से पहले अच्छी तरह उसे जान ले।

जितना पैसा आपके पास है उतना ही पैसा शेयर मार्किट में नहीं लगाए, कभी भी किसी से पैसा लेकर या लोन लेकर पैसा नहीं लगाए।

शेयर ब्रोकर आपको शेयर खरीदने के लिए कुछ पैसे देने का लालच देता है, जिसके लिए वो अलग से कुछ कमीशन चार्ज भी करता है, जिसे हम लिवरेज कहते है, लेकिन कभी भी आप ऐसे पैसे नहीं ले क्योकि अगर आपको नुकसान हो गया तो आपको इसकी बहुत बड़ी रकम चुकानी होगी।

शेयर मार्केट में अपना एक बढ़िया पोर्टफोलियो बनाये, जिसका मतलब है की अपना सारा पैसा एक ही कंपनी में नहीं लगाए और अलग अलग तरह की बड़ी कम्पनियों में थोड़ा थोड़ा पैसा लगाए। इससे आपको नुकसान काम होगा।

कहा जाता है की सब्र का फल मीठा होता है, यह बात सबसे ज्यादा शेयर मार्किट में सही बैठती है। अगर आप लम्बे समय के लिए शेयर मार्किट में इन्वेस्ट करते है तो आपको ज्यादा से ज्यादा रिटर्न मिलेगी और नुकसान ना के बराबर होगा या होगा ही नहीं।

अपना डीमैट और ट्रेडिंग अकाउंट खोलें

## कुछ अन्य सवाल जवाब

### 1. शेयर बाजार का क्या अर्थ है ?

**Share Market Kya Hai-** शेयर मार्किट एक ऐसा बाजार है जहाँ पारा बहुत सी कम्पनियों के शेयर ख़रीदे व बेचे जाते है, शेयर मार्किट एक ऐसी जगह है जहाँ पर पैसा लगाकर बहुत से लोग करोड़पति बन जाते है और बहुत से लोग अपनी साडी पूँजी गवा देते है। लेकिन अगर आप शेयर मार्किट में लम्बे समय के लिए, सही कम्पनियों और सही समय पर अपना निवेश करते है तो आप भी यहाँ पर आप अच्छा खासा कमा सकते है।

### 2. शेयर मार्केट को कैसे समझे ?

**Share Market Kya Hai**– शेयर बाज़ार किसी भी विकसित देश की अर्थ्व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते है। जिस तरह से किसी देश, गाँव या शहर के विकास के लिये सडके, रेल यातायात, बिजली, पानी सबसे ज़रूरी होते है, वैसे ही देश के उद्योगों के विकास के लिये शेयर बाज़ार ज़रूरी है। उद्योग धंधो को चलाने के लिये कैपिटल चहिये होता है। ये उन्हे शेयर बाज़ार से मिलता है। शेयर बाज़ार के माध्यम से हर आम आदमी बड़े से बड़े उद्योग मे अपनी भागिदारी प्रदान कर सकता है। इस तरह की भागीदारी से वो बड़े उद्योगों मे होने वाले मुनाफे मे बराबर का हिस्सेदार बन सकता है।

3. **शेयर मार्केट से पैसा कैसे कमाएं ?**

**शेयर मार्किट में पैसा कमाने के लिए आपको कुछ शेयर मार्किट टिप्स की जानकारी होनी आवश्यक है, जो कुछ इस प्रकार है –**

किसी भी कंपनी में इन्वेस्ट करने से पहले आप उस कंपनी के बारे में जानकारी ले ले की यह कंपनी क्या काम करती है, आज से पहले इसका शेयर कैसा रिटर्न दे चूका है और आगे इस कंपनी से क्या उम्मीद है।

आपने सही सुना होगा की शेयर मार्किट से क्रोरेपति भी बना जा सकता है लेकिन हम आपको बता दे की शेयर मार्किट कोई पैसा बनाने की मशीन नहीं है और इसमें बहुत से ऐसे लोग भी है, जो अपनी सारी पूँजी भी गवा बैठे है।

स्टॉक मार्किट को समझने के लिए आपको उसके बेसिक से समझना होगा और इसमें कभी भी जल्दबाज़ी में डिसिजन नहीं ले।

शेयर मार्किट में आप कितना भी पैसा लगा सकते है, इसकी कोई लिमिट नहीं है, लेकिन किसी भी कंपनी के शेयर खरीदने से पहले अच्छी तरह उसे जान ले।

जितना पैसा आपके पास है उतना ही पैसा शेयर मार्किट में नहीं लगाए, कभी भी किसी से पैसा लेकर या लोन लेकर पैसा नहीं लगाए।

4. **शेयर मार्केट में पैसा कब लगाएं ?**

शेयर मार्केट का एक रूल है, जिसमे कहाँ जाता है की जब शेयर मार्किट बढ़ रहा हो तो आपको शेयर बेचने चाहिए या होल्ड करने चाहिए और जब शेयर मार्किट गिर रहा हो तो आपको शेयर मार्किट में पैसा लगाना चाहिए, जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा प्रॉफिट हो सके। शेयर मार्किट में आप कितना भी पैसा लगा सकते है, इसकी कोई लिमिट नहीं है, लेकिन किसी भी कंपनी के शेयर खरीदने से पहले अच्छी तरह उसे जान ले।

5. **शेयर कब खरीदें?**

शेयर मार्केट का एक रूल है, जिसमे कहाँ जाता है की जब शेयर मार्किट बढ़ रहा हो तो आपको शेयर बेचने चाहिए या होल्ड करने चाहिए और जब शेयर मार्किट गिर रहा हो तो आपको शेयर सस्ते में खरीदने चाहिए, जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा प्रॉफिट हो सके। कहा जाता है की सब्र का फल मीठा होता है, यह बात सबसे ज्यादा शेयर मार्किट में सही बैठती है। अगर आप लम्बे समय के लिए शेयर मार्किट में इन्वेस्ट करते है तो आपको ज्यादा से ज्यादा रिटर्न मिलेगी और नुकसान ना के बराबर होगा या होगा ही नहीं।

**डिस्क्लेमर-** शेयर मार्किट में निवेश जोखिमों के अधीन है, किसी भी शेयर या आईपीओ या कही भी निवेश करने से पहले उसकी पूरी जानकारी अपने स्तर पर जरूर ले लें या फिर अपने फाइनेंसियल एडवाइजर से परामर्श जरूर कर लें। हम आपको किसी भी तरह के शेयर में इन्वेस्ट करने की सलाह नहीं देते है। अगर ऊपर दी गयी जानकारी के कारण किसी को कोई हानि, नुकसान या फिर किसी भी प्रकार की क्षति होती है तो हमारे लेखक व वेबसाइट की कोई जिमेदारी नहीं है। धन्यवाद्